दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 24 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का युवाओं से आह्वान – आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले लोक नायक जयप्रकाश नारायण से प्रेरणा लें।

02. राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि चार सौ से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये किये जाने की मंजूरी दी।

03. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा – राज्य में जल्द ही परमाणु बिजली उत्पादन इकाई की स्थापना की जाएगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, कैमूर और किशनगंज जिलों मे भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि पच्चीस जून को मनाये जाने वाला संविधान हत्या दिवस लोकतंत्र को मजबूत करने का एक अवसर है। श्री धनखड़ ने मुजफ्फरपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि युवाओं को आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए अवाज उठाने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण से प्रेरणा लेनी चाहिए।

———बाइट———

———————————————————

श्री धनखड़ ने आज मुजफ्फरपुर स्थित ललित नारायण मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को देश के विकास में योगदान के लिए तत्पर रहना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा है कि आर्थिक और संरचनात्मक विकास की दिशा में केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किये हैं।

———————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आपातकाल के दौरान सांविधानिक अधिकारों को कुचले जाने की स्मृति आज भी जीवित है। नई दिल्ली में आपातकाल के

पचास साल विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास करने वाले लोग आज भी आपातकाल के दौरान नागरिक अधिकार और प्रजातांत्रिक संस्थाओं के दमन को याद कर सिहर उठते हैं।

———बाइट———

———————————————————————

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिवस पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल के कारण ज्यादतियों का सामना किया था। एक रिपोर्ट.....

———रिपोर्ट———

आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया था और इंदिरा गांधी सरकार ने प्रेस पर सख्त सेंसरशिप लगा दी थी। सरकार ने पत्रकारों पर कर, प्रेस बंद करने के नोटिस जारी किये और उन्हें जेल भी भेजा। आपातकाल में सत्ता का विकेंद्रीकरण भी हुआ और जयप्रकाश नारायण, लाल कृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, मधु दंडवत सहित विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी भी की गई। इन कार्रवाइयों की व्यापक आलोचना और विरोध हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मान की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा बताया था।

———बाइट———पीएम——

**जब देश में आपातकाल लगाया गया। तब उसका विरोध सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित नहीं था, राजनेताओं तक सीमित नहीं था, जेल के सलाखों तक आंदोलन सिमट नहीं गया था। जन–जन के दिल में आकरोश था। खोए हुए लोकतंत्र की तडप थी। आपातकाल में देश के हर नागरिक को लगने लगा था। उसका कुछ छीन लिया गया है।**

आपातकाल के दौरान कई राजनीतिक आंदोलन और घटनाएं हुई जिनमें गुजरात में नवनिर्माण आंदोलन, बिहार में जयप्रकाश नारायण का आंदोलन और जॉर्ज फर्नांडीज के नेतृत्व में रेलवे हड़ताल शामिल है। हथकड़ी और बेडियो में जकडे श्री फर्नांडिस का विरोध आपातकाल के दौर की सबसे यादगार तस्वीरों में से एक है। इस दौरान लोगों को बिना किसी आरोप के हिरासत में लिया गया और गैर कानूनी तरीके से कानून भी बनाए गए। आंतरिक सुरक्षा अधिनियिम मीसा का सबसे अधिक दुरूपयोग किया गया आपातकाल का दौर स्वतंत्र भारत का एक काला अध्याय था अनुपम मिश्रा आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी कैटेगरी में दी जाने वाली पेंशन राशि में बढ़ोतरी की घोषणा को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि आज लिए गए छियालीस निर्णयों में सबसे महत्वपूर्ण फैसला पेंशन राशि बढ़ाए जाने का है।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने सभी पंचायतों में विवाह भवन निर्माण कराने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना को मंजूरी प्रदान की गयी है।

———बाइट———

अपर सचिव ने बताया कि जीविका द्वारा विभिन्न सरकारी अस्पतालों और संस्थानों में संचालित दीदी की रसाई कैंटिन में चालीस रूपये के स्थान पर बीस रूपये प्रति थाली की दर से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

---बाइट---

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी कार्य में लगे बीएलओ के मानदेय में तीन हजार रूपये की वृद्धि समेत कैबिनेट ने कुल छियालीस एजेंडों पर मुहर लगाई है।

---

राज्य में परमाणु बिजली उत्पादन इकाई की स्थापना की जाएगी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज पटना में पूर्वी क्षेत्र के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परमाणु बिजली उत्पादन इकाई सभी राज्यों में स्थापित की जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार से इसके लिए प्रयास तेज करने का आग्रह किया है। श्री खट्टर ने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए भविष्य में ऐसी इकाईयों की अधिक आवश्यकता पड़ेगी। जिसके लिए केंद्र सरकार हर प्रकार की सहायता देगी। श्री खट्टर ने कहा कि बिजली उत्पादन और आपूर्ति को स्मार्ट बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा श्रोतों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

---बाइट---

केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने कहा कि साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रणाली को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी राज्यों में प्रशिक्षित साइबर सुरक्षा कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत देशहित में उचित निर्णय लेने में हिचकिचाता नहीं है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में आज श्री नारायण गुरू और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सशक्त होते भारत में मुश्किल स्थिति में कड़े निर्णय लेने की क्षमता है।

———बाइट———

दुनिया ने यह भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को दुनिया के सामने एकदम स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहने वाले आतंकियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देश हित में जो भी हो सकता है और जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी कठोर नीति को दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की कार्रवाई में दुनिया ने देखा कि कैसे बाईस मिनट में ही दुश्मन घुटने पर आ गया।

———बाइट———

आज सैन्य जरूरतों के लिए भी भारत की विदेश पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। हम डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर हो रहे हैं और इसका प्रभाव हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखा है। हमारी सेनाओं ने भारत में बने हथियारों से दुश्मन को 22 मिनट में घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। मुझे विश्वास है आने वाले समय में मेड इन इंडिया हथियारों का डंका पूरी दुनिया में बजेगा।

———————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन— ईपीएफओ ने कहा है कि अग्रिम दावों के लिए स्वतः निपटान राशि की सीमा को एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रूपये करने का फैसला किया है। यह राशि लाभार्थियों को बहत्तर घंटे के अंदर ही प्रदान कर दी जाएगी। केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम लोगों के हित में है।

———————————————————————

दक्षिण—पश्चिम मानसून राज्य के अधिकतर भागों में सक्रिय है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशगनंगज जिले के गलगलिया में सबसे अधिक एक सौ बीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, कैमूर और किशनगंज जिलों मे कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। जबकि अररिया, मधेपुरा, सहरसा, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद समेत राज्य के उत्तर—पूर्व और दक्षिण—मध्य भागों में कई स्थानों पर वज्रपात के साथ आंधी—पानी की आशंका है।

———बाइट———

———————————————————————

नवादा जिले के गोविन्दपुर थाना क्षेत्र स्थित ककोलत जलप्रपात में भीषण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। राज्य से सटे झारखंड के क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आई

अचानक बाढ़ से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। प्रशासन ने हालात के मद्देनजर पर्यटकों के आवाजाही को पूरी तहर प्रतिबंधित कर दिया है।

———————————————————

स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान की राज्य इकाई की ओर से उनतीस जून को पटना स्थित विधान परिषद सभागार में स्वदेशी शंखनाद का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां मुख्य अतिथि होंगे।

———————————————————

समस्तीपुर की विशेष पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त विनय कुमार को बीस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————

मुंगेर जिले की कासिम बाजार थाना पुलिस ने चार हथियार तस्करों को को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल, और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का युवाओं से आह्वान – आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले लोक नायक जयप्रकाश नारायण से प्रेरणा लें।

02. राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि चार सौ से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये किये जाने की मंजूरी दी।

03. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा – राज्य में जल्द ही परमाणु बिजली उत्पादन इकाई की स्थापना की जाएगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, कैमूर और किशनगंज जिलों मे भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।